(ग) उक्त रेल मार्ग के लिए दुबारा सर्वेक्षण कराने का उद्देश्य क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) खण्डवा और खरगांव के बीच बड़ी लाइन के लिए प्रारम्भिक इंजीनियरी-एवं-यातायात सर्वेक्षण की मंजूरी दी जा चुकी है ।

(ख) खरगांव के रास्ते बगमार (खण्डवा के निकट) और बरवानी के बीच छोटी लाइन के लिए कई दशक पूर्व एक यातायात सर्वेक्षण किया गया था लेकिन इस कार्य को अनुमोदित नहीं किया गया था । यह सर्वेक्षण रिपोर्ट अब उपलब्ध नहीं है ।

(ग) अब यह सर्वेक्षण प्रस्तावित बड़ी रेल लाइन के लिए सब से उपयुक्त संरेखण निर्धारित करने, इस परियोजना की लागत तथा इसके वित्तीय लाभ मालूम करने के लिए किया जा रहा है ताकि योजना आयोग के परामर्श से निर्णय लिया जा सके, बशर्ते कि संसाधन सुलभ हों ।

रायपुर में तेलघानी नाका पर रेलवे ओवर ब्रिज

209 **श्री प्यारे लाल खण्डेलवाल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के रायपुर शहर में तेलघानी नाके पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कब शुरू हुआ था तथा इस पर अभी तक कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है ;

(ख) क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण कार्य को स्थगित करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस पुल का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) रेलपथों के ऊपर मुख्य पुल का निर्माण रेलवे द्वारा किया जाना है जब कि सड़क पहुंच मार्गों का निर्माण राज्य सरकार द्वारा किया जाना है । रेलवे ने रेलपथों के ऊपर मुख्य पुल का निर्माण कार्य जनवरी, 1980 में शुरू कर दिया था । अब तक रेलवे द्वारा 34.49 लाख रुपए की धनराशि खर्च की जा चुकी है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) रेलवे पायों का निर्माण और चार स्पैनों में से दो स्पैनों पर गर्डर लगाने का कार्य पहले ही पूरा कर चुकी है । राज्य के लोक निर्माण विभाग द्वारा ऊपरी सड़क पुल के पहुंच मार्गों के कार्य में प्रगति न कर पाने के कारण रेलवे के शेष भाग का कार्य रुक गया है । ऊपरी सड़क पुल का पूरा होना राज्य के लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पहुंच मार्गों के पूरा करने पर निर्भर करेगा ।

सियाचेन में झड़पों में मारे गये सैनिक

210. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सियाचेन में हाल ही में हुये भारत पाक संघर्ष में अभी तक किस-किस देश के कितने-कितने सैनिक मारे गये और घायल हुए ;

(ख) क्या इस संघर्ष को रोकने के लिए सैनिक और राजनयिक दोनों स्तर पर अलग-अलग बातचीत हुई है; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सियाचेन के प्रश्न पर चीन पाकिस्तान की मदद कर रहा है ; और

(घ) सरकार ने सियाचेन की रक्षा हेतु क्या सुरक्षा व्यवस्था की है ?

रक्षा मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : (क) हमारे कुछ सैनिक हताहत हुये हैं ; पता चला है कि पाकिस्तानी सैनिक भी हताहत हुये हैं । इस सम्बन्ध में ब्यौरे देना वांछनीय नहीं होगा ।